दिन– बुधवार दिनांक– 01/01/2025

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– अपराह्न 03:10 बजे से। अवधिः– 05 मिनट

---

नये साल की शुरुआत को लेकर आज राज्यभर में उत्साह का माहौल है। लोग नये संकल्पों के साथ नव वर्ष का स्वागत कर रहे हैं। वर्ष दो हजार पच्चीस का स्वागत करने के लिए विभिन्न ऐतिहासिक और महत्वपूर्ण स्थलों को आकर्षक रूप से सजाया गया है और रंग बिरंगी रोशनी की गई है। पटना जंक्शन स्थित हनुमान मंदिर समेत राजधानी के प्रमुख मंदिरों, मस्जिदों, गुरूद्वारों और गिरिजाघरों में लोग सुख, शांति और समृद्धि के लिए प्रार्थना कर रहे हैं। जिला मुख्यालयों से हमारे संवाददाताओं ने खबर दी है कि ठंड के बावजूद पिकनिक स्थलों पर चहल–पहल बढी हुई है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, उप–राष्ट्रपति जगदीप धनखड़, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, राज्यपाल राजेन्द्र विश्वनाथ आर्लेकर और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने नव वर्ष पर लोगों को शुभकामनाएं दी हैं। उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी और विजय कुमार सिन्हा, विधानसभा अध्यक्ष नंदकिशोर यादव, विधान परिषद के सभापति अवधेश नारायण सिंह और विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी प्रसाद यादव समेत राज्य मंत्रिमंडल के सदस्यों ने भी प्रदेशवासियों को नव वर्ष की शुभकामनाएं दी हैं।

————————————————————————

प्रदेश में नये वर्ष पर सुरक्षा के कड़े प्रबंध किये गये हैं। संवेदनशील स्थानों पर विशेष चौकसी बरती जा रही है। गंगा समेत राज्य की अन्य नदियों में आज नावों के परिचालन पर रोक लगी है। राजधानी पटना में विभिन्न स्थानों पर दंडाधिकारियों के नेतृत्व में पुलिस बलों की तैनाती की गई है।

————————————————————————

सर्द पछुआ हवा के प्रभाव से प्रदेशभर के अधिकतम और न्यूनतम तापमान में गिरावट आई है। मौसम विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार पिछले चौबीस घंटों के दौरान सात डिग्री सेल्सियस न्यूनतम तापमान के साथ मोतीहारी राज्य का सबसे ठंडा

स्थान रहा। मौसम पूर्वानुमान में कहा गया है कि अगले तीन दिनों के दौरान मौसम के रूख में कोई खास परिवर्तन नहीं होगा। उसके बाद न्यूनतम तापमान में दो से चार डिग्री सेल्सियस बढ़ोतरी की संभावना है।

———————————————————————————

रेलवे की नई समय सारणी आज से प्रभावी हो गयी है। दो हजार आठ सौ पचहत्तर यात्री ट्रेनों के नम्बर में बदलाव किया गया है। इसके अलावा कई ट्रेनों के स्टेशन से चलने और गंतव्य स्टेशन तक पहुंचने के समय में भी परिवर्तन किया गया है। नई समय सारणी के अनुसार आज से डिब्रुगढ़–राजधानी एक्सप्रेस, पाटलिपुत्र स्टेशन से शाम चार बजकर पंद्रह मिनट के बदले चार बजकर पांच मिनट पर रवाना होगी। इसी तरह आनंद विहार जनशताब्दी एक्सप्रेस ट्रेन दानापुर स्टेशन से अपराह्न चार बजे की जगह तीन बजकर पचास मिनट पर प्रस्थान करेगी। इधर, रेलवे ने यात्रियों की सुविधा को देखते हुए पंद्रह जोड़ी स्पेशल ट्रेनों की परिचालन अवधि इकतीस जनवरी तक बढ़ा दी है। इनमें दानापुर–सहरसा, सहरसा–पूर्णिया, मोकामा–किउल, राजगीर–किउल, पाटलिपुत्र–गया और पटना–थावे स्पेशल ट्रेन शामिल हैं।

———————————————————————————

रोहतास जिले के सूर्यपुरा थाना क्षेत्र अंतर्गत बक्सर लाईन बड़ी नहर में गिरने से मोटरसाईकिल सवार तीन लोगों की मौत हो गई। तीनों एक ही परिवार के थे। इधर, मुंगेर जिले के गंगटा थाना क्षेत्र स्थित पेट्रोल पंप के पास दो ट्रक के बीच दबकर एक व्यक्ति की मौत हो गई। दूसरी तरफ, मधुबनी नगर थाना क्षेत्र अंतर्गत मस्जिद चौक के पास एक अनियंत्रित कार की चपेट में आने से एक बच्चे की मौत हो गई। इधर, राज्य के मद्य निषेध मंत्री रत्नेश सादा को उनके पैतृक गांव सहरसा जिले के बलिया सिमर में एक ऑटो रिक्शा ने टक्कर मार दी, जिसमें वे घायल हो गए। उन्हें मामूली चोट आई है। इस हादसे में उनके तीन अंगरक्षकों को भी चोट आई है।

———————————————————————————

मुंगेर जिले के टेटिया बंबर थाना क्षेत्र के यदुवंशी चौक के पास पुलिस ने दो युवकों को एक देसी पिस्तौल और दो कारतूस के साथ गिरफ्तार किया है। वहीं, बेगूसराय जिले के नीमाचाँदपुरा थाना क्षेत्र के चाँदपुरा से पुलिस ने एक अपराधी को हथियार के साथ गिरफ्तार किया है।

———————————————————————————

समाप्त